# कार्यालय उप वन संरक्षक, बारां

E-mail-dcf.brn.forest@rajasthan.gov.in , Tel.No.. 07453&230244

क्रमांक0 एफ ( )/एफ.सी.ए./ उ.व.स./2024 –25/554 दिनांक 03-02-2025

निमित्तः–

संभागीय मुख्य वन संरक्षक,
कोटा।

विषय :–Prop[osal for Diversion of 286.47 ha of forest land in favour ofExecutive water Resource Division III ,Baran Construction of Hathiyadeh Medium Irrigation Project in Baran District. Proposal no :- FP/RJ/IRRIG/27263/2017)

संदर्भः– अतिःप्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं नोडल अधिकारी (एफ.सी.ए) राजस्थान जयपुर के पत्र कमांक 3777 दिनांक 24.12.2024 के कम में।

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत संदर्भित पत्र के कम में निवेदन है कि आप द्वारा जारी ई.डी.एस दिनांक 24-12-2024 से चाही गई रिपोर्ट संलग्न प्रेषित है।

| SN | EDS Date 24.12.2024 | Reply |
|---|---|---|
| 1. | पालना अपूर्ण। यूजर एजेंसी द्वारा जल समागम योजना प्रस्तुत की गई है किंतु योजना उप वन संरक्षक एवं आप द्वारा तकनीकी रूप से जांच किया जाकर अनुमोदित हेतु अभिषंशा नहीं की गई है योजना में वृक्षारोपण मॉडल में दरे सही नहीं है वृक्षारोपण कहां होगा स्पष्ट नहीं है 126 वर्ग किमी क्षेत्र में किस आधार पर एनीकट, गेबियन स्ट्रेक्चर की संख्या आंकलित की गई है आदि को स्पष्ट नहीं किया गया है | अनुमोदित केट प्लान में प्रस्तावित कार्य विभागीय मॉडल अनुसार ही प्रस्तावित है। उक्त कैट प्लान को अनुमोदन हेतु वर्ष 2020 में तैयार किया गया था एव वृक्षारोपण माडल की दरे वर्ष 2020 की बी.एस.आर के अनुसार ली गई है। इस कैट प्लान के तहत उपचार की आवश्यकता वाला कुल क्षेत्रफल 121.65 वर्ग कि.मी. कुल कैचमैन्ट क्षेत्र 202.75 वर्ग कि.मी. के 60 प्रतिशत से अधिक के हिस्से को शामिल कर तैयार किया गया है। |
| 2. | पालना अपूर्ण। प्रस्ताव में पूर्व में उप वन संरक्षक बारां द्वारा प्रस्तावित गैर वन भूमि में जूलीफ्लोर की सघनता होने के कारण परिभ्रंषित वन भूमि DFL पर वृक्षारोपण चयनित किया गया था।किन्तु आप द्वारा प्रेषित प्रति उत्तर में उप वन संरक्षक द्वारा गैर वन भूमि में ही जूलीफ्लोर हटाए जाने के बाद वृक्षारोपण किया जाना अंकित किया गया है उक्त बदलाव का कारण स्पष्ट नहीं है वार–बार सूचनाओं बदलाव कर गुमराह करने की कोशिश की जा रही है जिससे स्पष्ट किया जाना है प्रकरण में स्थल उपयुक्त अनुसार ही वृक्षारोपण योजना संलग्न की जानी प्रस्तावित है एवं पोर्टल पर अन्य योजनाएं जो संबंध नहीं है उन्हें हटाया जाना प्रस्तावित है जूलीफ्लोर हटाए जाने के संबंध में योजना के अंतर्गत राशि का प्रावधान नहीं रखा गया है<br>क्षेत्र में वन्यजीवों के दृष्टिकोण से जूलीफ्लोर हटाने के संबंध में तकनीकी नोट भी संलग्न नहीं किया गया है। | उक्त परियोजना के बदले दी गई गैर वन भूमि पर क्षतिपूर्ति वृक्षारोपण किया जाना है ( एन.एफ.एल) चूकिं दी गई भूमि पर जूली फ्लोर की सघनता होने से, पहले समस्त जूलीफ्लोरा मौके से हटाया जाएगा तदुपरांत ही क्षतिपूर्ति वृक्षारोपण किया जाएगा किसी प्रकार का डी.एफ.एल कार्य नहीं किया जाएगा।<br><br>जूलीफ्लोरा हटाने के लिये अतिरिक्त बजट की आवश्यकता नही है। विभागीय माडल अनुसार सी.ए स्कीम संलग्न कर दी गई हे। जो कि इस हेतु पर्याप्त बजट रहेगा। |
| 3. | पालना अपूर्ण। प्रस्ताव में ग्रामवार प्राप्त गैर वन भूमि का विवरण संलग्न नहीं किया गया है साथ ही वन संरक्षण एवं वन संवर्धन नियम 2023 के | प्रस्ताव के साथ गैर वन भूमि का विवरण संलग्न कर दिया गया है। तथा छत्र घनत्व प्राप्त गैर वन भूमि का 0.3 से कम है। |



Scanned with CamScanner

| | | |
|---|---|---|
| | नियम 13 के अनुरूप छत्र घनत्व के अनुसार कोई टिप्पणी नहीं की गई है। | |
| 4 | पालना अपूर्ण। उप वन संरक्षक द्वारा पूर्व में प्रेषित सूचना में क्षतिपूर्ति वृक्षारोपण योजना नवीन क्षतिपूर्ति वृक्षारोपण योजना संलग्न की गई है जिसका कारण स्पष्ट नहीं है साथ ही पूर्व में प्रेषित क्षतिपूर्ति वृक्षारोपणं योजना के दस्तावेजों को भी पोर्टल से नहीं हटाये गये हैं। | संपूर्ण भूमि पर क्षतिपूर्ति वृक्षारोपण एन.एफ.एल ही करवाया जाएगा डी.एफ.एल से संबंधित सभी दस्तावेज हटा दिए गए हैं |
| 5 | पालना अपूर्ण। यूजर एजेंसी द्वारा पार्ट I में में तकनीकी रिपोर्ट संलग्न की गई है किंतु उसमें वर्तमान फसल पैटर्न कुल लाभान्वित जनसंख्या भविष्य में फसल में बदलाव एवं इससे होने वाले सामाजिक आर्थिक लाभों को सूचना का अभाव है। | उक्त परियोजना के कियान्वयन से लगभग 54 गांवो की 6885 हेक्टर भूमि के फसल चक्र में सार्थक बदलाव होगा। पूर्व में जहा इस भूमि पर केवल वर्षा आधरित खरीफ फसल जैसे बाजरा, ज्वार इत्यादी की खेती की जाती थी। इस परियोजना के कियान्वन से वर्षा आधारित खरीफ फसल की उत्पादकता में वृद्धी होगी, साथ ही रबी की फसल गैहू चना सरसो इत्यादी हेतु अतिरिक्त सिंचाई सुविधा प्राप्त होगी। इस परियोजना के पूर्ण होने से क्षेत्र की काश्तकारो की आर्थिक स्थिति में सुधार होगा एवं क्षेत्र की 25 हजार अनुसूचित जाति एवं जनजाति परिवार सहित लगभग 80000 जनसंख्या के समाजित एव आर्थिक स्तर में वृद्धी होगी क्षेत्र के भू जल स्तर में वृद्धी से परम्परागत जल स्त्रोंतो का भी दोहन कम होगा। |

**संलग्न उपरोक्तानुसारः–**

(अनिल यादव)
उप वन संरक्षक
बारां

**क्रमांक0 एफ ( )/एफ.सी.ए./उ.व.स./2022–23/** 556-56 **दिनांक** 3-2-2025

**प्रतिलिपिः– निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः–**

1. प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं नोडल अधिकारी (एफ.सी.ए) राजस्थान जयपुर।
2. अधिशाषी अभियन्ता जल संसाधन खंड बारां।

(अनिल यादव)
उप वन संरक्षक
बारां

Scanned with CamScanner

f cl... 21-11-22

राजस्थान सरकार

# कार्यालय जिला कलक्टर, बारां

क्रमांकः–एफ–4(5)( )राजस्व/22/ दिनांक 2022

## –: आदेश :–

अधीक्षण अभियन्ता, जल संसाधन वृत्त बारां के प्रस्ताव दिनांक 28.07.2022 अनुसार हथियादह मध्यम सिंचाई परियोजना के निर्माण में आ रही 44 हेक्टर वन भूमि के समतुल्य अन्य राजकीय सिवायचक भूमि प्रत्यावर्तन हेतु प्रस्तुत कर आदेश जारी करने हेतु निवेदन किया गया है। उक्त 44 हेक्टर वन भूमि हथियादह परियोजना हेतु सेट अपार्ट राजस्व भूमि 286.50 हेक्टर में से नोनेरा बैराज के डूब में आयी है। उक्त का विवरण निम्नानुसार है :–

| क.स. | ग्राम | खसरा नम्बर | रकबा (हेक्टर में) |
|---|---|---|---|
| 1 | पादूंदा | 02 | 2.252 |
| 2 | | 08 | 3.602 |
| 3 | | 10 | 1.363 |
| 4 | | 1025 | 0.805 |
| 5 | | 1026 | 1.518 |
| 6 | | 1109 | 0.500 |
| 7 | | 1113 | 2.299 |
| 8 | | 1114 | 0.382 |
| | योग | | 12.721 |
| 1 | तीखोद | 54 | 3.10 |
| 2 | | 55 | 5.23 |
| 3 | | 56 | 3.928 |
| 4 | | 57 | 2.271 |
| 5 | | 86 | 4.15 |
| 6 | | 96 | 5.05 |
| 7 | | 98 | 4.13 |
| 8 | | 99 | 3.42 |
| | योग | | 31.279 |
| | कुल योग | | 44.00 |

इस कार्यालय के पूर्व आदेश क्रमांक एफ–4(5)( )राजस्व/2020/3483–98 दिनांक 23.10.2020 से Eastern Rajasthan Canal Project (E.R.C.P.) के अन्तर्गत नोनेरा बैराज हेतु 119.409 हेक्टर राजकीय सिवायचक भूमि दी गई थी। अधिशाषी अभियन्ता, जल संसाधन नवनेरा परियोजना खण्ड प्रथम, कोटा ने अपने पत्र क्रमांक 1099 दिनांक 29.09.2022 से अवगत कराया की नोनेरा बैराज के डूब मे आयी बारां जिले की वन भूमि 75.409 हेक्टर है, जबकि 119.409 हेक्टर आवंटित की गई है, फलस्वरूप शेष 44 हेक्टर भूमि वन विभाग के पास सुरक्षित है, जिसको हथियादह मध्यम सिंचाई परियोजना हेतु समायोजित करने पर इस कार्यालय को कोई आपत्ति नही है। उक्त 119.409 हेक्टर वन भूमि का कब्जा/दखल वन विभाग को दिनांक 31.12.2020 तथा दिनांक 11.11.2020 को संभला दिया गया है। उक्त क्रम में वन विभाग, बारां के पत्र क्रमांक 19551 दिनांक 08.12.2021 से अवगत करवाया गया कि वन विभाग को 44 है0 अति0 भूमि आवंटित हो गई हैं।

अतः वन विभाग को नोनेरा बैराज हेतु पूर्व में दी गई 119.409 हेक्टर भूमि मे से 44 हेक्टर भूमि का समायोजन हथियादेह मध्यम सिंचाई परियोजना तहसील किशनगंज, जिला बारां में किये जाने की स्वीकृति एतद् द्वारा प्रदत्त की जाती है।

(नरेन्द्र गुप्ता)
जिला कलक्टर,
बारां

क्रमांकः–एफ–4(5)( )राजस्व/22/ 11066-77 दिनांक 17.11.2022

प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :–

1. शासन उप सचिव, राजस्व (ग्रुप–3) विभाग, जयपुर
2. अधीक्षण अभियंता, जल संसाधन, वृत्त कोटा।
3. उप वन संरक्षक, बारां।
4. अधीक्षण अभियन्ता, जल संसाधन वृत्त, बारां।
5. अधिशाषी अभियन्ता, जल संसाधन खण्ड तृतीय, बारां।
6. उपखण्ड अधिकारी, किशनगंज/शाहबाद/अंता।
7. तहसीलदार, किशनगंज/शाहबाद/अंता।
8. रक्षित पत्रावली।

अति0 जिला कलक्टर,
बारां

पता: मिनी सचिवालय, बारां (325205) E-mail ID: dm-brn-rj@nic.in

Scanned with CamScanner